इलाहाबाद विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF ALLAHABAD
राजभाषा प्रकोष्ठ / RAJBHASHA CELL
कक्ष सं. 12-13, प्रथम तल, तिलक भवन, सीनेट परिसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज.
ई-मेल rajbhasha@allduniv.ac.in

**पत्रांक :** रा.भा./रा.भा.प./2026-27/ 745 **दिनांक : 11** सितम्बर, 2026.

# कार्यालय ज्ञापन

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय कुलपति महोदया के दिनांक 09 सितम्बर, 2026 के आदेश के अनुपालन में **राजभाषा प्रकोष्ठ, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज** द्वारा दिनांक **17 सितम्बर, 2026 से 30 सितम्बर, 2026** के मध्य **राजभाषा पखवाड़ा, 2026** का आयोजन किया जा रहा है।

राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत विश्वविद्यालय में नियमित रूप से सेवारत **शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक अधिकारी/कर्मचारी** तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं इसके संघटक महाविद्यालयों में **नियमित रूप से अध्ययनरत विद्यार्थियों** के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।
प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण निम्नवत् है—

## प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण

| क्र.सं. | कार्यक्रम/प्रतियोगिता | प्रतिभागियों की श्रेणी | तिथि एवं दिन | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | उद्घाटन सत्र एवं कवि गोष्ठी | | 17 सितम्बर, 2026 | अपराहन 02:00 बजे | तिलक भवन सभागार |
| 02 | समसामयिक निबंध-लेखन प्रतियोगिता | नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी | 18 सितम्बर, 2026 | अपराहन 02:00 बजे | भूगोल विभाग, इ.वि.वि. |
| 03 | प्रशासनिक पत्राचार एवं टिप्पणी-लेखन प्रतियोगिता | शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्मिक | 21 सितम्बर, 2026 | अपराहन 02:00 बजे | मनोविज्ञान विभाग, इ.वि.वि. |
| 04 | चित्र एवं संदेश प्रतियोगिता | नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी | 22 सितम्बर, 2026 | अपराहन 02:00 बजे | दृश्य कला विभाग, इ.वि.वि. |
| 05 | अनुवाद एवं भाषा-कौशल प्रतियोगिता | शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्मिक | 24 सितम्बर, 2026 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | राजनीति विज्ञान विभाग , इ.वि.वि. |
| 06 | सामान्य हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता | नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी | 24 सितम्बर, 2026 | अपराहन 02:00 बजे | वाणिज्य संकाय, इ.वि.वि. |
| 07 | राजभाषा संवाद / अतिथि व्याख्यान | व्याख्यान | 25 सितम्बर, 2026 | पूर्वाह्न 11.40 बजे | तिलक भवन सभागार, इ.वि.वि. |
| 08 | विचार-अभिव्यक्ति प्रतियोगिता | कार्मिक | 25 सितम्बर, 2026 | अपराहन 02:00 बजे | विधि संकाय, इ.वि.वि. |
| 09 | राजभाषा संवाद | नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी | 29 सितम्बर, 2026 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | आई. पी एस.विज्ञान संकाय इ.वि.वि. |
| 10 | तार्किक चिंतन एवं विश्लेषण प्रतियोगिता | शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्मिक | 29 सितम्बर, 2026 | अपराह्न 02:00 बजे | जे.के. इंस्टिट्यूट, इ.वि.वि. |
| 11 | समसामयिक समाचार प्रतियोगिता | नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी | 30 सितम्बर, 2026 | अपराह्न 02:00 बजे | रसायन विज्ञान विभाग, इ.वि.वि. |

**प्रतिभागिता के संबंध में आवश्यक निर्देश**

1. प्रतियोगिताओं में केवल इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं इसके संघटक महाविद्यालयों के **नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी** तथा विश्वविद्यालय में **नियमित रूप से सेवारत शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक अधिकारी/कर्मचारी** ही प्रतिभाग कर सकेंगे।
2. इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित तिथि से पूर्व अपना नाम राजभाषा प्रकोष्ठ इ.वि.वि. में अथवा ई-मेल **rajbhasha@allduniv.ac.in** उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. प्रत्येक प्रतियोगिता के नियम, विषय, समय-सीमा एवं अन्य आवश्यक निर्देश राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिभागियों को समय से उपलब्ध कराए जाएंगे।
4. प्रतिभागियों से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रतियोगिता के निर्धारित समय से कम से कम **30 मिनट पूर्व** कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हों।
5. प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।
6. प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

अतः विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी एवं विद्यार्थी अधिकाधिक संख्या में इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर **राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रसार** को प्रोत्साहित करें।

सक्षम प्राधिकारी के आदेश से निर्गत।

(प्रो.कुमार वीरेंद्र)
संयोजक,रा.भा.का.समिति
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF ALLAHABAD
राजभाषा प्रकोष्ठ / RAJBHASHA CELL
कक्ष सं. 12-13, प्रथम तल, तिलक भवन, सीनेट परिसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज.
ई-मेल rajbhasha@allduniv.ac.in

**पत्रांक :** रा.भा./रा.भा.प./2026-27/ **दिनांक : 11** सितम्बर, 2026.

**प्रतिलिपि** :निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु इस आशय के साथ प्रेषित कि संबंधित समस्त हितधारक इससे अवगत हो सकें तथा आवश्यकतानुसार अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित कर सकें:-

01. अधिष्ठाता कला/ विज्ञान/वाणिज्य/विधि/छात्र कल्याण/महाविद्यालय विकास/शोध एवं विकास, इ.वि.वि.;
02. समस्त विभागाध्यक्ष, इ.वि.वि.;
03. समस्त केंद्र निदेशक/संयोजक, इ.वि.वि.;
04. अध्यक्ष - भूगोल विभाग, मनोविज्ञान विभाग, दृश्य कला विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग, वाणिज्य संकाय, विधि संकाय, आई.पी.एस. , जे.के. इंस्टिट्यूट, रसायन विज्ञान विभाग, इ.वि.वि. को एतद संबंधित प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु समुचित प्रबंध के अनुरोध के साथ;
05. समस्त प्राचार्य /प्राचार्या, संघटक महाविद्यालय, इ.वि.वि.;
06. वित्त अधिकारी इ.वि.वि.;
07. पुस्तकालयाध्यक्ष, इ.वि.वि
08. कुलानुशासक, इ.वि.वि. को अनुशासन एवं सुरक्षा के दृष्टिगत;
09. समस्त संयुक्त कुलसचिव/ उप कुलसचिव/ सहायक कुलसचिव, इ.वि.वि.;
10. अध्यक्ष, आई.सी.टी. प्रकोष्ठ को इ.वि.वि. के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने दृष्टिगत;
11. कुल अभियंता, इ.वि.वि. को तिलक भवन एवं एतद संबंधित विभागों में समुचित विद्युत् प्रबंधन के दृष्टिगत;
12. संपदा-प्रबंधक इ.वि.वि. को तिलक भवन एवं एतद संबंधित विभागों में समुचित प्रबंधन/ साफ़ -सफाई के दृष्टिगत;
13. जन-संपर्क अधिकारी को व्यापक प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत;
14. विधि अधिकारी इ.वि.वि./प्लेसमेंट अधिकारी/चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण;
15. समस्त संरक्षक/अधीक्षक, इ.वि.वि. के छात्रावास;
16. इ.वि.वि. के कुलपति के वैयक्तिक सचिव को माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ ;
17. इ.वि.वि. के कुलसचिव के वैयक्तिक सचिव को कुलसचिव महोदय के सादर सूचनार्थ ;

भवदीय,
प्रवीण श्रीवास्तव
(प्रवीण श्रीवास्तव) 11.09.2026
हिंदी अधिकारी
राजभाषा प्रकोष्ठ, इ.वि.वि.